## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक का आयोजन कल

**कटनी।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास, उद्योगों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर श्री आशीष तिवारी अध्यक्षता में 24 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में बोर्ड के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### आपदा मित्र योजना के लिए पंजीयन हुए प्रारंभ

**कटनी।** जिले में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आपदा मित्र योजना के तहत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मध्यप्रदेश शासन के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग तथा होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

### मछुआ सहकारी समिति के अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी, भोपाल ने मछुआ सहकारी समिति मर्यादित, चरगवां जिला कटनी के संचालक मंडल के निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए श्री गीतेश मेहरा, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, जिला कटनी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 49-ग(2) के तहत सदस्यता सूची से संबंधित अपीलों के निराकरण के लिए सहायक आयुक्त, सहकारिता, जिला कटनी को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्राप्त होने वाली अपीलों का समयबद्ध निराकरण कर उसकी जानकारी मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एवं संबंधित पंजीयन अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। यदि कोई अपील प्राप्त नहीं होती है, तो इसकी सूचना भी निर्धारित समय-सीमा में देना अनिवार्य होगा।

### स्टेशन कॉम्प्लेक्स के पास बेखौफ झपटमार: युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार

**कटनी ।** शहर के मुख्य स्टेशन कॉम्प्लेक्स के पास बेखौफ बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। दिनदहाड़े और भीड़भाड़ वाले इलाके में एक युवक के हाथ से कीमती मोबाइल झपटकर अज्ञात आरोपी रफूचक्कर हो गया। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फरियादी अभयदास सोधिया मेन स्टेशन कॉम्प्लेक्स के समीप मौजूद थे। इसी दौरान घात लगाकर आए एक अज्ञात आरोपी ने अभयदास के हाथ से उनका सैमसंग कंपनी का मोबाइल छिनाकर फरार हो गया।

## पीरबाबा के पास सुबह 4 बजे हुआ सड़क हादसा, चालक पर मामला दर्ज

# बनारस से इंदौर जा रही बस तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में पलटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा की खबर सामने आई, एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर 20 फीट खाईनुमा गड्ढे में जा समाई, हादसा होते ही लोगों की चीख पुकार होने लगी। नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर हुए इस भीषण हादसे के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनारस से इंदौर की ओर जा रही 'भैया ट्रेवल्स' की तेज रफ्तार यात्री बस पीरबाबा-चाका बायपास मार्ग पर ग्राम द्वारा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 20 फीट नीचे खाई में जा पलटी। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब बस में सवार अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। राहत की बात यह है कि इस हाइसे में किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ, हाइसे में चोटिल हुए लोगों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।

**चीख-पुकार में तब्दील हुआ माहौल**

बताया जाता है कि जैसे ही बस पीरबाबा के पार पहुंची तभी अचानक बस के खाई में गिरते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया और मौके पर चीख-पुकार शुरू हो गई। घटना की तेज आवाज और यात्रियों की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की माने तो हादसे का कारण बस की तेज रफ्तार हो सकती है, जिसे चालक द्वारा अपना नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ है, ग्रामीणों व राहगीरों ने लोगों की जान बचाने एकजुट होकर प्रयास किया, पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

**चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि स्थानीय निवासियों और पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते एक साथ रेस्क्यु ऑपरेशन करते हुए दुर्घटनाग्रस्त बस से यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में चालक समेत कई यात्री चोटिल हुए हैं, जिन्हें तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।इस भीषण हादसे में राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री की जान नहीं गई। 20 फीट गहरी खाई में बस पलटने के बावजूद किसी जनहानि का न होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

घटना के बाद बस में फंसे यात्री ने बताया कि अधिकांश यात्री नींद में थे अचानक से जोरक झटका लगा, कुछ समझ पाते इससे पहले ही इस हादसे के करण लोग अपनी सीटों से नीचे गिर गए, जिससे लोग चोटिल हो गए, गनीमत रही कि इतना भीषण हादसा होने के बाद किसी की जान नहीं गई, घायलों को तत्काल उपचार मिला, पुलिस प्रशासन ने दुर्घटनाग्रस्त बस को खाई से बाहर निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन की मदद ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय बस की गति काफी तेज थी। फिलहाल कुठला पुलिस मामला दर्ज कर हादसे के वास्तविक कारणों (चालक को नींद आने या तकनीकी खराबी) की जांच में जुट गई है।

# न्यायालय की अवहेलना पर एसपी व कलेक्टर को समन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायालय के स्पष्ट आदेश का पालन नहीं किए जाने के मामले में कटनी जिला एवं सत्र न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायिक दंडाधिकारी के वाहन सुपुर्दगी आदेश की कथित अवहेलना के मामले में न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कटनी एवं कलेक्टर कटनी को तलब करते हुए समन जारी किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मामला वाहन क्रमांक MP-21 ZF 3153 की सुपुर्दगी से जुड़ा है। न्यायालय ने 6 जुलाई 2026 को वाहन को 50 हजार रुपये के सुपुर्दनामे पर आवेदिका को सौंपने का आदेश दिया था। आरोप है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद वाहन आवेदिका को सुपुर्द नहीं किया गया।आवेदिका की ओर से अधिवक्ता यश खरे ने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आदेश के बाद भी कई बार संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं किया गया। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि वाहन जब्ती की प्रक्रिया वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी तथा वाहन को अनधिकृत रूप से थाना परिसर में रखा गया।याचिका में न्यायालय से मांग की गई थी कि आदेश का तत्काल पालन कराया जाए तथा आदेश की जानबूझकर अवहेलना करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाए।प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समन जारी कर 25 जुलाई 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।यह मामला अब प्रशासनिक जवाबदेही और न्यायालयीन आदेशों के पालन को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी सुनवाई में अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद न्यायालय आगे की कार्रवाई पर निर्णय करेगा।

# नदी में दिखे तीन मगरमच्छ, वन विभाग ने किया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कंजिया से होकर गुजरने वाली लभेर नदी में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक साथ तीन विशालकाय मगरमच्छों को पानी में तैरते देखा। एक साथ तीन बड़े मगरमच्छ नजर आने से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी जिसके बाद वन विभाग के आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी।

इस मामले में गांव के बुजुर्गों का कहना है कि लभेर नदी को हमेशा से स्थानीय जल स्त्रोतों, खेती-किसानी और मवेशियों के लिए सुरक्षित माना जाता रहा है। उनका कहना है कि पहले कभी इस नदी में मगरमच्छ नहीं देखे गए थे। हालांकि, पिछले दो-तीन वर्षों से कभी-कभार मगरमच्छ दिखाई देने लगे हैं, लेकिन एक साथ तीन बड़े मगरमच्छों की मौजूदगी ने ग्रामीणों, पशुपालकों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विकास निगम के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन अमला सतर्क हो गया है और लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वन विकास निगम (कुंडम परियोजना) के रेंजर जुहैद हुसैन ने बताया कि लभेर नदी में तीन मगरमच्छ देखे जाने की सूचना मिली है। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मगरमच्छों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने और दूसरे सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए जल्द ही रेस्क्यू टीम बुलाई जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में मुनादी करवाई जा रही है, ताकि ग्रामीण नदी किनारे जाने से बचें और सतर्क रहें।

वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं उन्होनें कहा कि जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा नहीं हो जाता, तब तक ग्रामीण नदी तट की ओर न जाएं। मवेशियों को नदी में पानी पिलाने या नहलाने ले जाने से बचें। छोटे बच्चों को नदी के आसपास किसी भी स्थिति में न जाने दें। किसी भी आपात स्थिति या मगरमच्छ की हलचल दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करें। वन अमला इस मामले में लगातार नजर बनाए हुए है जल्द ही रेस्क्यू कर लिया जावेगा।

# 300 आशा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान, बांटे छाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सभागार में आशा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं छाता वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैंसर रोग जांच एवं जागरूकता शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 350 से अधिक आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए उन्हें वर्षा ऋतु के लिए उपयोगी छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने की। अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी हैं। वे शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में दिन-रात पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं। मातृ एवं शिशु




स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, परिवार कल्याण और जन जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान केवल व्यक्तियों का सम्मान नहीं, बल्कि समाज सेवा, मानवता और जनस्वास्थ्य के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदैव आशा कार्यकर्ताओं के हितों, सम्मान और उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी इसी सेवा भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सभी आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक छाते वितरित किए गए। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने भी आशा कार्यकर्ताओं की सेवा भावना की सराहना की।

# विद्यार्थियों को जैविक खेती और एकीकृत कृषि प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से शासकीय आर.के. गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुरवारी में बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए जैविक खेती एवं एकीकृत कृषि प्रणाली पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कृषि के साथ पशुपालन, सब्जी उत्पादन, दलहन एवं तिलहन उत्पादन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, फूलों की खेती, रेशम पालन, कृषि वानिकी तथा औषधीय



फसलों की खेती जैसी आयवर्धक गतिविधियों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि इन गतिविधियों के समन्वय से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। प्रशिक्षण में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के तहत मिट्टी के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणों की जानकारी दी गई। साथ ही गोबर खाद, कम्पोस्ट, नाडेप टांका खाद, केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट), हरी खाद, जैव उर्वरक, बायोगैस स्लरी, अजोला एवं नील-हरित काई जैसे जैविक पोषक स्त्रोतों के उपयोग और उनके लाभों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए तैयार करने का है।

*बरही के संदीप कालोनी का मामला, स्थानीयजनों ने प्रशासन से की जांच की मांग*

# आरईएस व ठेकेदार मिलकर सीसी रोड निर्माण के नाम पर राशि की कर रहे बंदरबांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

नगर की बहुचर्चित संदीप कॉलोनी के कालोनाइजर संदीप अग्रवाल ने कमिश्नर के आदेश पर एक वर्ष पूर्व 26 मार्च 2025 को विकास कार्यों को लेकर 30 फीसदी राशि जमा करने के तत्काल बाद कमिश्नर के द्वारा विकास कार्य प्रारंभ करनें जिला पंचायत को निर्देशित किया था। 16 माह पूर्व विकास कार्य की संपूर्ण निर्माण राशि संदीप अग्रवाल बरही के द्वारा 67 लाख 76 हजार के जुर्माना से 4 सीसी रोड 1210 मीटर 38 लाख 72 हजार 2370 मीटर नाली निर्माण 16 लाख 6 हजार विद्युत पोल 30 नग हाइड्रोजन लाइट के बिल व ट्रांसफॉर्मर सहित 12 लाख 98 इस तरह कुल 67 लाख 76 हजार की



राशि कॉलोनी के संपूर्ण विकास के लिए कालोनाइजर द्वारा जमा करने के बाद RES के तहत ठेकेदार S.R. बिल्डर्स के द्वारा मात्र एक दो दिन में ही बिना इंजीनियर व जिम्मेदार अधिकारी की उपस्थिति में मानकों को अनदेखा करते हुए बिना अर्थ और बिना बेस के बिना वाइब्रेटर चलाएं जल्दबाजी में 1210 मीटर सीसी रोड निर्माण करा दिया गया। जिससे कॉलोनी के लोगों ने ठेकेदार के द्वारा बनाई गई सीसी रोड को घटिया निम्न स्तर का बनाने का आरोप लगाते हुए शीघ्र निष्पक्ष जांच की मांग उठाई हैं। और कॉलोनाइजर के पैसों को RES और ठेकेदार सीसी रोड निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। अर्थ,बेस के नाम रस्म अदायेगीसीसी रोड निर्माण के पहले पूरी तरह अर्थ का काम किया जाता है इसके बाद निर्धारित मोटाई का बेस डाला जाता है परंतु लोगों का आरोप है कि अर्थ का काम बिल्कुल नहीं किया गया। बेस नाम मात्र मिट्टी युक्त लगभग एक इंच कहीं - कहीं दो इंच की डाली गई है इस तरह की बनाई गई सीसी रोड जल्द टूटने का आरोप लग रहा हैं। रोड की चौड़ाई घटानें का आरोपR.E.S. के द्वारा S.R. बिल्डर्स के माध्यम से बनवाई जा रही संदीप कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण में निर्धारित चौड़ाई कम करके उसमें सीमेंट की मात्रा कम करके बनानें का आरोप सामने आया हैं। अलग से सीमेंट का मसाला गलती छुपाने के लिए उपरी लेप करवाया गया हैं।वाइब्रेटर न चलाने का आरोपR.S. बिल्डर्स के द्वारा संदीप कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण 1210 मीटर बनाई गई है, जिसमें वाइब्रेटर बिल्कुल न चलाने का आरोप वहां के लोगों ने लगाया हैं।कालोनाइजर के पैसों की होली प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी वासियों का आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा बनाई गई सीसी रोड तय मानकों के आधार पर न बनाते हुए अपनी मनमानी के अनुसार किसी का न सुनते हुए भारी भ्रष्टाचार किया गया है, और कालोनाइजर के पैसों की होली खेली गई हैं। लोगों ने निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## कलेक्टर ने मार्बल खदान का किया निरीक्षण, उद्यमियों से किया संवाद

# कटनी स्टोन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने आगे बढ़ा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के खनिज आधारित उद्योगों को नई पहचान दिलाने और स्थानीय स्तर पर निवेश एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार करने की दिशा में कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को लमतरा औद्योगिक क्षेत्र एवं स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम निमास स्थित मार्बल खदान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगों की उत्पादन क्षमता, आधुनिक तकनीक, विपणन व्यवस्था और उद्यमियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों की विस्तार से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में कलेक्टर ने एक जिला एक उत्पाद



(ओडीओपी) के अंतर्गत कटनी सैंड स्टोन से तैयार की जा रही कलात्मक मूर्तियों, आकर्षक नक्काशी और उत्कृष्ट शिल्पकृतियों का अवलोकन किया। उन्होंने आधुनिक गैंग सॉ, सीएनसी ऑटोमैटिक कार्विंग एवं स्टैच्यू कार्विंग मशीनों की कार्यप्रणाली देखी और युवा उद्योगपति अमन खरे से उत्पादन प्रक्रिया एवं बाजार की संभावनाओं पर चर्चा की।

कलेक्टर ने कहा कि कटनी स्टोन केवल एक खनिज नहीं, बल्कि जिले की विशिष्ट पहचान और विरासत है। इसकी गुणवत्ता और कलात्मक उपयोग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर कटनी स्टोन से वॉल क्लैडिंग कराने की संभावना पर भी चर्चा की, ताकि स्थानीय उत्पादों को सरकारी परिसरों में भी प्रोत्साहन मिल सके।

निरीक्षण के दौरान उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जिले में वर्तमान में कटनी स्टोन की चार सक्रिय खदानें संचालित हैं। युवा उद्योगपति अमन खरे ने जानकारी दी कि उनकी इकाई को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 20 फीट ऊंची आदियोगी भगवान शिव की प्रतिमा निर्माण, राजस्थान के उदयपुर में स्लैब एवं टाइल्स निर्माण तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से भी महत्वपूर्ण कार्य प्राप्त हुए हैं। इससे कटनी स्टोन की गुणवत्ता और बढ़ती राष्ट्रीय मांग का पता चलता है।

इसके पश्चात कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम निमास स्थित मेसर्स बीडीएच इको एनर्जी इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा संचालित मार्बल खदान एवं सोलर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने खदान संचालक प्रभाष कुमार राजगढ़िया से उत्पादन लागत, विपणन, गुणवत्ता और खनन से जुड़े व्यावसायिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निमास क्षेत्र का मार्बल अपनी मजबूती, टिकाऊपन और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ सहित देश के विभिन्न बाजारों में विशेष मांग रखता है।

# निपुण भारत मिशन के द्वितीय चरण का शुभारंभ, प्राथमिक शालाओं के लिए समय सारणी हुई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की प्राथमिक शालाओं में विद्यार्थियों की आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'निपुण भारत मिशन' के द्वितीय चरण की शुरुआत कर दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला शिक्षा केंद्र ने विस्तृत कार्ययोजना और समय-सारणी जारी कर दी है। यह आदेश कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशों के अनुपालन में डाइट प्राचार्य एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है।

आदेश के अनुसार, प्रथम चरण में जिले के सभी जनशिक्षा केंद्रों से चयनित प्राथमिक शालाओं के कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों का डाइट द्वारा तैयार मूल्यांकन उपकरणों से बाह्य आकलन कराया गया था। निर्धारित मानकों पर सफल रहने वाली शालाओं को 'निपुण शाला' घोषित किया गया। अब द्वितीय चरण में विशेष रूप से उन विकासखंडों पर फोकस किया जाएगा, जिनका प्रदर्शन पहले चरण में अपेक्षाकृत कमजोर रहा था।

द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 से 24 जुलाई तक बीआरसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जाएगा। इसके बाद 25 जुलाई तक प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र से तीन नई प्राथमिक शालाओं का चयन कर उनकी सूची डाइट को भेजी जाएगी। चयनित विद्यालयों के कक्षा 1, 2 एवं 3 के शिक्षकों का उन्मुखीकरण जनशिक्षकों द्वारा कराया जाएगा।

चयनित शालाओं को 31 जुलाई तक निपुण शाला बनने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करनी होंगी। वहीं विद्यार्थियों के बाह्य आकलन के लिए मूल्यांकन टूल 5 अगस्त तक डाइट फैकल्टी आर.के. सिननकर एवं कमलेश सोनी द्वारा तैयार किए जाएंगे। चयनित विद्यालयों के विद्यार्थियों का बाह्य आकलन 29 अगस्त को एक ही दिन डाइट द्वारा नियुक्त आकलनकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा। द्वितीय चरण में घोषित होने वाले विद्यालयों के बीआरसी, जनशिक्षकों, शाला प्रमुखों एवं शिक्षकों का सम्मान 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जिले की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए सभी विद्यालयों को निपुण भारत मिशन के मानकों के अनुरूप विकसित करना है।

## खबर संक्षेप

### पाठ्यक्रम हेतु विधायक ने मंत्री को लिखा पत्र

**बड़वारा।** विधानसभा स्थित बड़वारा, ढीमरखेड़ा, सिलौंडी एवं उमरिया पान के शासकीय महाविद्यालयो में पी जी पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने हेतु उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मिलकर पी जी पाठ्यक्रम को जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पत्र सौंपा ताकि स्नातक के बाद जिन छात्र छात्राओं का अध्यापन रुक जाता है वो अपना अध्यापन पूर्ण कर सके बड़वारा, कटनी, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, सिलौंडी में महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम की महती आवश्यकता है इसी के मद्देनजर जन हित मे बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सकारात्मक पहल की है। विधायक ने बताया की राज्य शासन की मंशा है कि कोई भी छात्र शिक्षा का अधिकार से वंचित नही रहने पाए। शासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

### ओवर लोड भारी वाहनों से कछारी मार्ग जर्जर

**बड़वारा।** सरकार द्वारा आम जन को सुविधा पूर्ण मार्ग उपलब्ध करवाए जाने के अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं। किन्तु कुछ कथित वाहन मालिक एवम विड़ला व्हाइट सीमेंट के प्लांट से निकलने वाले भारी भरकम ट्रकों ने कछारी ग्राम में बनी सड़क की सूरत ही बिगाड़ दी है।छात्र छात्राओं एवं आम जन के जीवन पर हर पल खतरा मंडराता रहा है, गांव के मध्य से निकली सड़क में आमजन,राहगीर व छात्र छात्राओं का रोजाना आना जाना रहता है इसके बावजूद ग्राम के बीच भारी वाहनों की आवाजाहि निरन्तर जारी रहती है। वाहनों के निकलने से सड़क के दोनों तरफ गड्ढों में कीचड़ भर जाता है जिससे बड़े व भारी वाहनों से अपने आपको बचाने के छोटे वाहन चालक व पैदल चलने वाले कीचड़ में गिर पड़ते हैं व चोटिल हो जाते हैं। स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम कछारी में ग्राम के भीतर से निकली सड़क के नजदीक ही स्कूल व आंगनवाड़ी भवन निर्मित हैं जहां नन्हे मुन्ने बच्चे व स्कूल में छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते हैं जिनको हर पल खतरे का अहसास बना रहता है। ग्राम वासियों ने प्रशासन से ग्राम के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों पर प्रतिवंध लगाने की मांग की है।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में कराया गया योगासन



**बड़वारा।** शासन की मंशा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में 21 जुलाई को योग का प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई एवं समस्त बच्चों को एवं अभिभावकों को आंगनबाड़ी केंद्रों में योगासन कराया गया एवं इसमें शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई परियोजना बड़वारा के सेक्टर भुड़सा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बिजोरी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मिथिला साहू सहायिका शकुंतला सिंह एवं अभिभावक एवं बच्चों की उपस्थिति में योग का कार्यक्रम कराया गया।

### रैली निकाल नशा से दूरी रहने किया लोगों को जागरूक



**बड़वारा।** पीएम श्री शासकीय विद्यालय गोपालपुर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों तक संदेश पहुंचाने के लिए गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। विकासखंड समन्वयक दिनेश कनौजिया ने कहा कि नशा ही नाश का कारण होता है। इससे तन, मन और धन तीनों की हानि होती है। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज को भी दूषित करता है।

---

**महिला पटवारी निलंबित,पीड़ित ने पैसे वापस न होने पर दी आत्मदाह की चेतावनी**

# जमीन का पट्टा बनवाने का लालच देकर महिला पटवारी ने ठगे 1.40 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की ढीमरखेड़ा तहसील से भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया है। जहां जमीन के पट्टे के नाम को लेकर पटवारी द्वारा राशि का गमन किया गया है, प्रशासन को मामले की जानकारी होने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाही की जा रही है। बताया जाता है कि यहाँ एक महिला पटवारी पर गरीब ग्रामीण से जमीन का पट्टा बनवाने के नाम पर 1,40,000 की रिश्वत ऐंठने का आरोप लगाया गया है। भ्रष्टाचार का यह मामला उजागर होने और रिश्वत का वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम ने महिला पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

इस मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम हर्रई का है। गाँव के निवासी ज्ञान सिंह (पिता इंदर सिंह) ने एसडीएम को सौंपी अपनी लिखित शिकायत में बताया कि उनकी खसरा नंबर 15 (रकबा 2 एकड़ 70 डिसमिल) जमीन का पट्टा बनवाने के नाम पर पटवारी शहर बानो ने झांसा देकर 9 महीने पहले तीन अलग-अलग किस्तों में कुल 1.40 लाख ऐंठ लिए। रकम वसूलने के बाद भी जब महीनों बीत जाने पर पट्टा नहीं बना और पटवारी टालमटोल करती रही, तो परेशान पीड़ित ने रिश्वत के लेन-देन का वीडियो बना लिया। पीड़ित ज्ञान सिंह ने जब रिश्वत के लेन-देन का यह वीडियो सबूत के तौर पर एसडीएम के समक्ष पेश किया, तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी शहर बानो को तुरंत निलंबित कर दिया।



**आत्मदाह की दी चेतावनी**

इस मामले में पीड़ित परिवार ने कहा कि कि यदि पैसे वापस नही हुए तो वह परिवार के साथ आत्मदाह करने मजबूर होगा, उनका कहना है कि पटवारी पर निलंबन की कार्रवाई तो हो गई, लेकिन पीड़ित को उसकी गाढ़ी कमाई की रकम अब तक वापस नहीं मिल सकी है। पीड़ित ज्ञान सिंह का कहना है कि अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि पटवारी से उनकी पूरी रकम वापस करवाई जाएगी। लेकिन तहसील कार्यालय पहुँचने पर जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो थक-हारकर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनके 1,40,000 जल्द वापस नहीं कराए गए, तो वह अपने पूरे परिवार के साथ तहसील कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेंगे। पीड़त परिवार का कहना है कि पटवारी द्वारा लोगों को बहला फुसलाकर जमीन के पट्टे बनाने का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई को उन्होनें पटवारी को सौंप दी है अब ऐसे में सिर्फ निलंबन तक की कार्रवाई से वे संतुष्ट नहीं है उन्होंने प्रशासन ने इस मामले की जांच कराते हुए अपने राशि वापस कराने की मांग की है। इस पूरे मामले पर तहसीलदार नितिन पटेल का कहा है कि पटवारी के खिलाफ घूसखोरी का वीडियो और लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित की राशि के संबंध में निलंबित पटवारी से पूछताछ की जा रही है और पीड़ित पक्ष को उनके पूरे पैसे वापस दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

---



## रखरखाव के नाम लाखों खर्च, फिर भी रोजाना घंटों बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

प्री-मानसून में बिजली लाइनों के मेंटेनेंस पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद उमरियापान क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों और किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। बारिश के मौसम में उमरियापान क्षेत्र के अधिकांश गांवों में सुबह, दोपहर, शाम और देर रात तक बिजली की आवाजाही बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि मेंटेनेंस कार्य के बाद भी हल्की बारिश या फॉल्ट होने पर घंटों बिजली बंद रहती है, जिससे विभाग के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बिजली कटौती का असर व्यापारिक प्रतिष्ठानों, लघु उद्योगों, वेल्डिंग की दुकानों और सरकारी कार्यालयों के कामकाज पर भी पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिना निर्धारित रोस्टर के बिजली आपूर्ति किए जाने से लोगों में नाराजगी है। रात के समय अंधेरा रहने से चोरी की घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इन दिनों जहरीले जीव जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। सुबह बिजली नहीं मिलने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। मोटर पंप नहीं चलने के कारण लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट के कारण बिजली व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि समय पर बिजली नहीं मिलने से सिंचाई सहित कृषि कार्यों पर भी असर पड़ रहा है।उमरियापान के कनिष्ठ अभियंता मजहर अली ने बताया कि कटनी से तकनीकी टीम आने के कारण कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी। जिन गांवों में बिजली आपूर्ति अधिक बाधित हो रही है।

---

*बच्चों को पेन व कॉपी प्रदान कर पढ़ाई के लिए किया प्रेरित, नन्हे शिवराज ने मोहा सब का मन*

## निरीक्षण के बाद बच्चों के बीच रूका कलेक्टर का काफिला, लगी पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रशासनिक दायित्वों के बीच भी बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब कलेक्टर आशीष तिवारी स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम निमास स्थित मार्बल खदान का निरीक्षण कर बुधवार को वापस लौटते समय छोटे कछारगांव में स्कूल की छुटटी के बाद घर जाते दिखे छात्रों के पास कलेक्टर ने अपने वाहन रूकवाया और छात्र-छात्राओं से पढाई लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। कुछ ही देर में यह मुलाकात स्कूलीं छात्रों के लिए यादगार अनुभव बन गई और आसपास मौजूद ग्रामीण भी इस दृश्य को देखकर प्रभावित हुए।



संवाद के दौरान बच्चों ने बताया कि वे निमास माध्यमिक शाला तथा कछार गांव की प्राथमिक शाला के विद्यार्थी हैं। कलेक्टर ने उनसे पढ़ाई, विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की । कलेक्टर ने सातवीं की छात्रा महिमा ठाकुर से दो और चार का पहाडा सुना और महिमा को कॉपी और पेन उपहार में दिया। इसी प्रकार कक्षा 2 के छात्र प्रिंस ठाकुर द्वारा पूरी एबीसीडी सुनाने पर खुश होकर कलेक्टर ने प्रिंस को पेन का उपहार दिया कलेक्टर इन्हीं मे से सातवीं की छात्रा रागिनी ठाकुर से साथ स्कूल जाने वाले उसके भाई शिवराज का नाम स्कूल में लिखवाने कलेक्टर ने छात्रा को प्रेरित किया।

बातचीत के दौरान शा.मा.शाला निमास की छात्रा महिमा ठाकुर से कलेक्टर ने गणित के कुछ सवाल पूछे। छात्रा ने बिना किसी झिझक के सभी प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास और निडरता के साथ दिए। कलेक्टर ने छात्रा की सराहना करते हुए अन्य बच्चों को भी इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

बातचीत के दौरान कलेक्टर ने नन्हें शिवराज से भी कुछ सहज प्रश्न पूछें जिसका उसने मजाकिया अंदाज में उत्तर दिया जिस पर कलेक्टर व अधिकारियों ने खूब आनंद लिया। कलेक्टर ने शिवराज की बहन को बताया कि स्कूल जाने पर शिवराज को निःशुल्क ड्रेस, पाठ्यपुस्तकें, मध्यान्ह भोजन सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उसकी शिक्षा और भविष्य दोनों मजबूत होंगे। इस दौरान श्लोक वाईकर, एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा, रत्नेश दीक्षित और ज्योति सिंह मौजूद रहे।

---

## धूमधाम से मनाया गया मोक्ष कल्याणक दिवस



नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस पार्श्वनाथ दिग .जैन बड़े मंदिर में आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री समता सागर महाराज एवं मुनिसंघ के सानिध्य में बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर याग मण्डल विधान में सौधर्म इन्द्र सिंघई अजीत, किरण जैन, गोल्डी मेघा जैन, शहनाई परिवार, कुवेर इन्द्र, सि.विमल कुमार–मन,श्रीमति विद्याजैन कृषि परिवार, महायज्ञ नायक मनीष जैन, रागनी जैन परिवार,शांतिधारा श्रीमति शोभा राहुल जैन, श्रीमति रिता राकेश जैन, श्रीमति सविता जैन,मंगल कलश, शैलेष जैन, राजकुमारी जैन, सनत कुमार इन्द्र, पवन कुमार सविता जैन, ईशान इन्द्र, दीपक जैन, आकृति जैन, महेन्द्र इन्द्र,शैलेश राजकुमार जैन को प्राप्त हुआ तथा निर्वाण लाडू अभिनंदन कुमार अर्पित जैन श्रीमति कुन्ती जैन द्वारा चढ़ाया गया तथा कलश स्थापना सिंघई पंचम जैन नीता जैन कृषि परिवार को प्राप्त हुआ पंचायत अध्यक्ष समाजसेवी संजय जैन ने बतलाया कि 50 वर्षो बाद झंडाबाजार स्थित महावीर कीर्ति स्तंभ जीर्णोद्वार के बाद श्रीजी को विराजमान करने का सौभाग्य अभिषेक जैन पटवारी, श्रीमति नीलम जैन पहाड़ी,ब्रम्हचारी रूची जैन, सुदीश कुमार पप्पू मामा को प्राप्त हुआ।

---

## नगर निगम के 25 कर्मचारियों को मिला पदोन्नति का लाभ, कर्मचारियों में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम में विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान किया गया है। शासन के आदेश के अनुपालन में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी पदोन्नति सूची के अनुसार नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के बाद कर्मचारियों में उत्साह का वातावरण है तथा इससे निगम के प्रशासनिक कार्यों में और अधिक गति एवं दक्षता आने की उम्मीद है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जारी आदेश के अनुसार उद्यान निरीक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, मुख्य राजस्व निरीक्षक, स्टेनोग्राफर-2,



सहायक ग्रेड-1, सहायक ग्रेड-2 के सात पद, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक के चार पद, सहायक सामुदायिक विकास संगठक, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक के तीन पद एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक के चार पदों पर 25 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है। जबकि शेष पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

नगर निगम प्रशासन ने पदोन्नत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि वे अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कर्मचारियों के पदोन्नति के बाद प्रशासनिक कार्यो में तेजी आएगी। पदोन्नति के आदेश जारी होने पर निगम कर्मियों व शुभचिन्तकों ने बधाई प्रेषित की है।

---

*बुधवार को माधव नगर के समदड़िया कालोनी में चला अभियान*

## बारिश में सुगम जल निकासी के लिए निगम प्रशासन मुस्तैद, लगातार हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

वर्षा ऋतु के दौरान शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा वर्षा जल की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा विशेष सफाई एवं जल निकासी अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। निगमायुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिदिन संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर नालों, नालियों एवं सीवर लाइनों की सफाई कर रही हैं, जिससे संभावित जलभराव की स्थिति को रोका जा सके और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इसी क्रम में माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी के मुख्य बड़े



नाले एवं आसपास की नालियों की स्वच्छता मित्रों, जेटर मशीन तथा जेसीबी मशीन की सहायता से व्यापक सफाई कराई गई। अभियान के दौरान नालों में जमा गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाया गया, जिससे वर्षा का पानी बिना रुकावट के निकास मार्ग तक पहुंच सके।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 परैनी सामुदायिक भवन क्षेत्र की नालियों, जगमोहनदास वार्ड स्थित सुंदर प्रोविजन के सामने की नाली, बाबा नारायण शाह वार्ड (माधवनगर), कावस जी वार्ड भट्ठा मोहल्ला, बारडोली कॉलेज के पीछे, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में नालियों की तल्ली से सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त वंशस्वरूप वार्ड में जेटिंग मशीन से नालियों की सफाई तथा रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में नाले एवं नालियों की विशेष सफाई कर वर्षा जल निकासी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालों, नालियों एवं सीवर लाइनों में प्लास्टिक, कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें तथा शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। निगम प्रशासन ने कहा है कि वर्षा ऋतु के दौरान सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा सभी संवेदनशील क्षेत्रों में टीमें लगातार सक्रिय हैं, ताकि शहर में स्वच्छ वातावरण के साथ वर्षा जल की सुगम निकासी सुनिश्चित कर रहे हैं।

---

**ओम सांई विजन टीम द्वारा चलाया जा रहा लगातार सघन अभियान**

## स्वच्छता अभियान से जोड़ने वार्डवार किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में उत्कृष्ट रैंकिंग के लक्ष्य के साथ नगर पालिक निगम एवं सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की आईईसी टीम द्वारा शहर में वार्ड-वार जनजागरूकता अभियान लगातार आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में आयोजित गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जनभागीदारी से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे है।

**कचरा पृथक्करण पर जोर**

निगम प्रशासन की टीम द्वारा बुधवार को चलाए गए अभियान के तहत वेंकट वार्ड 13 में साहू किराना गली, जायसवाल मार्ग, वार्ड 14 - दयाराम गली में निगम की आईईसी टीम द्वारा



डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की वैज्ञानिक जानकारी दी गई। रहवासियों को समझाया गया कि घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखना ही स्वच्छ शहर की पहली सीढ़ी है। टीम ने लोगों से स्वच्छ कटनी के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया।

अभियान के तहत वार्ड 11 सरस्वती स्कूल के पास क्षेत्रीय वार्ड पार्षद जय नारायण निषाद की उपस्थिति में जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। नागरिकों को स्वच्छता अपनाकर मौसमी बीमारियों से बचाव एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। अभियान में स्थानीय लोगों ने स्वच्छता की शपथ भी ली।

अभियान के दौरान आचार्य विनोबा भावे वार्ड, कुशवाहा गली में चलाए गए अभियान के दौरान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ विशेष बैठक कर रहवासियों को जागरूक किया गया। उन्हें नियमित कचरा संग्रहण में सहयोग करने, कचरे का पृथक्करण करने एवं मोहल्ले को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के तहत क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों को कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें ड्यूटी के दौरान पी.पी.ई.किट का अनिवार्य उपयोग करने एवं कचरा उठाव के सुरक्षित तरीकों के बारे में समझाइश दी गई। निगम प्रशासन द्वारा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने की बात कही गई।

---

## 407 ग्राम पंचायतों के तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की समस्त 407 ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर और मॉनिटरिंग प्रक्रिया को बढ़ावा देने के साथ सुदृढ़ करने तीन दिवसीय OSR का वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ऑनलाइन प्रशिक्षण में संवाद करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य किसी भी कार्य को निर्धारित समय पर शुद्धता, गुणवत्ता और सटीकता के साथ करना होता है। कर वसूली और निगरानी व्यवस्थित रूप से करे। ग्रामीण नागरिकों से प्राप्त करों की राशि की एक-एक पाई का हिसाब-किताब दस्तावेजों में दुरुस्त रखें।



उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने 20 से 22 जुलाई 2026 तक तीन दिन, ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों को OSR के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से आयोजित करने अधिकारियों को निर्देशित किया था। फलस्वरूप सुश्री कौर के निर्देश पर प्रथम दिवस 20 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी एवं रीठी, दूसरे दिन 21 जुलाई को बड़वारा एवं बहोरीबंद तथा तीसरे और अंतिम दिन 22 जुलाई को ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायतों को वर्चुअली प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्वश्री युजवेंद्र कोरी, ब्रतेश जैन और अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एड. संतोष रोहित बने मनोनीत पार्षद

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की नगर पालिका परिषदों में मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद दमोह में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संतोष रोहित को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त एल्डरमैन संतोष रोहित ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ तथा नगर के विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाऊंगा।

### अनुसूचित जाति छात्रावास नए भवन में होगा स्थानांतरित

**दमोह।** जनसुनवाई के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास, दमोह के विद्यार्थियों ने छात्रावास भवन के भूतल में जलभराव और सीलन की समस्या बताते हुए भवन परिवर्तन की मांग की। विद्यार्थियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तत्काल प्रभाव से छात्रावास भवन बदलने की अनुमति प्रदान कर दी। विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया है कि शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, सुभाष कॉलोनी को आगामी सोमवार को नवीन छात्रावास भवन में विधिवत स्थानांतरित (शिफ्ट) किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक कल

**दमोह।** उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में 24 जुलाई को प्रातः 9 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### दलदल में तब्दील हुआ श्मशान घाट का पहुंच मार्ग



**मैसाबाद।** ग्राम की व्यारमा नदी के तट पर कुराया घाट के पास स्थित ग्राम के श्मशान घाट पर बरसात के मौसम में लोगों को अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने में भारी असुविधा होती है बरसात में बारिश होने के कारण चारों तरफ नमी होती है कभी-कभी तो बारिश कई घंटो तक चलती है ऐसे में खुले आसमान के नीचे चिता में आग बड़ी मुश्किल से पकड़ पाती है जिससे लोग परेशान होते हैं गौरतलब है कि ग्राम पंचायत द्वारा पिछले कार्यकाल में नदी किनारे टीन सेट लगाकर एक चबूतरा का निर्माण किया गया था, लेकिन गुणवत्ताहीन तरीके से किए गए निर्माण के चलते चबूतरे के ऊपर लगाये गये टीन सेट के ऊपर के चद्दर तो कुछ ही महीनों में हवा के झोंके में उड़कर ताश के पत्तों की तरह बिखर गए थे, तब से लेकर आज तक श्मशान घाट के इस चबूतरे पर सिर्फ लोहे के पाइप खड़े हुए हैं ऊपर का टीन सेट गायब है चबूतरा के ऊपर कोई छाया नहीं होने के कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे दाह संस्कार करने में असुविधा होती है, इतना ही नहीं मेन रोड से श्मशान स्थल तक पहुंचने वाला मार्ग कच्चा है बरसात के मौसम में दलदल बन जाता है इसी कीचड़ में से होकर लोगों को अपने कंधों पर शब लेकर चलना पड़ता है जिससे लोगों को चलने में बहुत दिक्कत होती है ग्रामीण जनो ने शासन और प्रशासन से शमशान घाट पर एक नये टीन सेट का निर्माण कराये जाने एवं शमशान घाट तक पहुंच मार्ग बनाए जाने की मांग की है।

# हजारों विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ, ड्रग्स फ्री दमोह का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश पुलिस के ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के तहत बुधवार को तहसील ग्राउंड में विशाल नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय, जेपीबी स्कूल और एम.एल.बी. स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ₹ड्रग्स फ्री दमोह₹ की आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, टीआई महेंद्र सिंह जगेत, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू, टीआई अमित मिश्रा, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल, रक्षित निरीक्षक आकांक्षा जोशी, बृजलाल पटेल सहित पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया।

## बोतराई में वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित



एसपी आनंद कलादगि ने विजेता-उपविजेता टीमों को किया सम्मानित, युवाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथपथरिया। मध्यप्रदेश पुलिस के ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना पथरिया क्षेत्र के ग्राम बोतराई में युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।टूर्नामेंट के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर खेल और शिक्षा के माध्यम से ही युवा अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।रोमांचक मुकाबलों के बाद पुलिस अधीक्षक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, आयोजकों, निर्णायकों और सहयोगियों का भी सम्मान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के तहत नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, पुलिस बल, ग्रामवासी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देना और समाज में नशामुक्ति के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाना था।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी से कांग्रेसियों में आक्रोश



**हटा।** नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के विरोध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी की खबर आई हटा शहर का माहौल अचानक गर्म हो गया। अपने नेता की गिरफ्तारी की खबर लगते ही हटा में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। और रात 9 बजे सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसियों ने एकजुट होकर मंदिर मस्जिद चौराहे पर तेज बारिश में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सराफ एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं द्वारा जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है। इस प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री रामनाथ राय ब्रजेश गुप्ता सौरभ राय राजेश यादव विनोद बर्मन विवेक जैन राजेश यादव शकील मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओ की मौजूदगी रही।

## तेंदूखेड़ा में कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को तहसील ग्राउंड में रात्रि 9 बजे से धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों के हित, शिक्षा व्यवस्था में



पारदर्शिता तथा पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री आवास के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था। उनका आरोप है कि इसी के बाद राहुल गांधी को गिरफ्तार किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक राहुल गांधी को रिहा नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। उनका कहना था कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से देश के लाखों युवाओं और छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है, जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय को लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, वहीं कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलेश यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व पार्षद शोभाराम नामदेव, श्रीकांत पोरते, मंडलम अध्यक्ष प्रमोद बेन ,गोपाल दुबे, राजू यादव ,गौरव दुबे, आशीष साहू, जितेंद्र यादव सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

# चार साल बाद भी अधूरा पड़ा पौड़ी जलाशय

**इस बारिश में भी नहीं रुकेगा पानी, 275 किसान रबी सिंचाई से वंचित**

**24 जुलाई 2023 को बांध फूटने के बाद पुननिर्माण शुरू हुआ भुगतान और बारिश के बीच काम रुका बारिश के चार महीने बाद शुरू होगा काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेंदूखेड़ा विकासखंड के ग्राम पौड़ी में वर्ष 2023 में बांध टूटने के बाद शुरू हुआ पौड़ी जलाशय का पुनर्निर्माण कार्य चार वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है। करीब 2.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने और निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद बांध का मध्य हिस्सा अब भी अधूरा है। ऐसे में इस वर्ष भी बारिश का पानी जलाशय में संग्रहित नहीं हो सकेगा और सीधे नाले में बह जाएगा। इसका असर पौड़ी, माझा, जेतगढ़, तारादेही सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 275 किसानों पर पड़ेगा, जो लगातार चौथे रबी सीजन में पर्याप्त सिंचाई से वंचित रहेंगे। 24 जुलाई 2023 को हुई भारी बारिश के दौरान लगभग 25 वर्ष पुराना पौड़ी जलाशय का बांध टूट गया था। इससे पौड़ी और जेतगढ़ गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। कई घरों तक पानी पहुंच गया था, खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो गई थीं और प्रशासन को ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा था। घटना के बाद शासन ने जलाशय के पुनर्निर्माण के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये स्वीकृत किए। वर्ष 2024 में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन भुगतान में देरी के कारण काम बीच में रुक गया। हाल ही में निर्माण दोबारा शुरू हुआ, लेकिन मानसून आने से कार्य फिर बंद करना पड़ा। वर्तमान में जहां से बांध टूटा था, वहीं का हिस्सा अधूरा होने के कारण इस वर्ष भी जलाशय में पानी का भंडारण संभव नहीं हो पाएगा। जलाशय चालू रहने पर किसानों को खरीफ के बाद रबी सीजन में दो से तीन बार सिंचाई की सुविधा मिलती थी। अब नाले के पानी से मुश्किल से एक बार सिंचाई हो पाती है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसान कमलेश रजक, दशरथ अहिरवार, विनोद रजक, रघुनाथ आदिवासी, मदन सिंह लोधी, दुर्जन चक्रवर्ती और अरविंद का कहना है कि यदि पुनर्निर्माण समय पर पूरा हो जाता तो इस वर्ष की बारिश का पानी संग्रहित होकर रबी फसल के लिए उपयोगी साबित होता। अधूरे बांध के कारण पूरा पानी बह जाएगा और किसानों को एक और सीजन सिंचाई संकट झेलना पड़ेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि जलाशय सूखा रहने से गर्मियों में वन्यजीवों और मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ता है। लगभग 64 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह जलाशय 16 गांवों की सिंचाई का प्रमुख स्रोत होने के साथ-साथ मत्स्य पालन का भी केंद्र था। बांध टूटने के बाद नेशनल वाटर डेवलपमेंट अथॉरिटी (एनडब्ल्यूडीए) की जांच में रखरखाव में लापरवाही सामने आई थी। प्रारंभिक जांच के अनुसार बांध की दीवार में चूहों और केकड़ों के बिल बनने से संरचना कमजोर हो गई थी, जिसके कारण बांध टूट गया। मामले में तत्कालीन एसडीओ और सब इंजीनियर को निलंबित किया गया था। इसके बाद नया एस्टीमेट तैयार कर दोबारा टेंडर जारी किया गया, लेकिन निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका।

### इनका कहना है

सिंचाई विभाग के तेंदूखेड़ा एसडीओ राम अवतार पटेल ने बताया कि जलाशय के पुनर्निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उनके अनुसार ठेकेदार ने कार्य देर से शुरू किया था। वर्तमान में ग्राउटिंग का कार्य अधिकांश हो चुका है बरसात के कारण काम रुका हुआ है और जहां से बांध टूटा था, वहां का निर्माण शेष है। बरसात समाप्त होने के बाद फीलिंग सहित शेष कार्य पूरा कर जलाशय का पुनर्निर्माण

## ग्राम पंचायत परिसर में किया पौधारोपण

**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरगुँवा माल के



प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती आरती/नारान गोंड, सचिव रोशनी ठाकुर, रोजगार सहायक ब्रजेश सिंह लोधी, मानव विकास समिति की क्रयकर्ता ज्योति रैकवार तथा मानव विकास समिति, नरगुँवा माल के कोऑर्डिनेटर अमित पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

## सिविल डिफेंस वालेन्टियर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह।** होमगार्ड नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला दमोह में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के द्वारा 07 दिवसीय सिविल डिफेंस वालेन्टियर्स का प्रशिक्षण 16 से 22 जुलाई तक चलाया गया, जिसमें जिले के 150 सिविल डिफेंस वालेन्टियर्स को पी.जी. कॉलेज दमोह में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम द्वारा नागरिक सुरक्षा, हवाई हमला, सी.एस.एस.आर., सी.पी.आर. राहत एवं बचाव कार्यो का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट रजनी खटीक के मार्गदर्शन में कम्पनी कमाण्डर प्राची दुबे, सैनिक चैन सिंह एवं एसडीईआरफ टीम के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का समापन 22 जुलाई पीजी कॉलेज के ओडिटोरियम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रचार्य पीजी कॉलेज डॉ. आलोक जैन रहें। जिनकी उपस्थिति में सिविल डिफेंस वालेन्टियर्स के द्वारा प्रशिक्षण सप्लाई के बारे में अनुभव सांझा किया इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा सिविल डिफेंस वालेन्टियर्स को प्रमाण पत्र प्रदाय किये गयें।

## सही समय पर सही लक्ष्य का चयन करना बेहद जरूरी- तहसीलदार



**दमोह।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत सातवें दिन एक भव्य करियर मार्गदर्शन और प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों को भविष्य की राह चुनते समय सही दिशा दिखाना और उनके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जबेरा तहसीलदार आशुतोष गुप्ता उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण कड़ियों पर प्रकाश डाला। तहसीलदार श्री गुप्ता ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सही समय पर सही लक्ष्य का चयन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों, कड़ी मेहनत और निरंतरता के बारे में विस्तार से समझाया।विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेयी ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने जीवन में गुरु और सही मार्गदर्शन के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करें और अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन अवसर है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और करियर से जुड़े अपने संदेहों को दूर किया।

## अनुपूरक बजट में ब्यारमा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 31.43 करोड़ की स्वीकृति

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत अनुपूरक बजट में रहली-तेंदूखेड़ा-पाटन मार्ग (79 किलोमीटर) पर ब्यारमा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 31.43 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी रहली विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने अपने आधिकारिक फेसबुक माध्यम से साझा करते हुए इसे क्षेत्र के विकास और बेहतर आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष जुलाई माह में हुई अतिवृष्टि के दौरान ब्यारमा नदी पर स्थित पुल तेज बहाव में बह गया था। इसके बाद से रहली, तेंदूखेड़ा एवं पाटन के बीच आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया था। स्थानीय नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों तथा व्यापारियों को प्रतिदिन अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए झलौन से इमलिया होते हुए लगभग 25 से 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की अतिरिक्त हानि हो रही थी। लगभग एक वर्ष से क्षेत्रवासी नए पुल के निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब अनुपूरक बजट में राशि स्वीकृत होने से पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पुल बनने के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी तथा आवागमन पहले की तरह सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। स्वीकृत विकास कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आधारभूत संरचना और अधिक मजबूत होगी, विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। क्षेत्रवासियों ने भी इस स्वीकृति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा होगा, जिससे लगभग एक वर्ष से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

## सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर 2500 रूपये का हुआ स्पॉट फाइन



**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में दमोह शहर में सड़क पर कचरा फेकने वालों पर कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया आज सड़क पर कचरा फेंके जाने पर वसुंधरा कॉलोनी के पास मां लक्ष्मी ऑटो एजेंसी पर स्पॉट फाइन 1500 रुपए एवं अरुणोदय बेकर्स विजयनगर के पास के द्वारा कचरा सड़क पर फेंके जाने पर 1000 रुपए का स्पॉट फाइन नगर पालिका के द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में 2500 रुपए का स्पॉट फाइन कर रसीद काटी गई हैं। इस दौरान सफाई दरोगा सतीश नामदेव, अराफात खान, मनीष करोसिया, प्रेम परोचे की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई।

## बरसात के मौसम में डेंगू से बचाव की अपील

**दमोह।** बरसात के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने जिलेवासियों से डेंगू बीमारी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने कहा कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है कि मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को खत्म किया जाए और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखी जाए।

बारिश के बाद जमा होने वाला पानी डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के प्रजनन का प्रमुख कारण बनता है। अचानक तेज बुखार आना, सिर दर्द और आंखों के पीछे दर्द होना, मांसपेशियों एवं जोड़ों में तेज दर्द, शरीर में कमजोरी और थकान महसूस होना, त्वचा पर लाल चकत्ते या दाने निकलना, भूख कम लगना, उल्टी या जी मिचलाना, गंभीर स्थिति में पेट दर्द, लगातार उल्टी, खून आना जैसी शिकायतें हो सकती हैं। घर एवं आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, टंकी, गमले, पुराने टायर, डिब्बे आदि में जमा पानी को नियमित रूप से साफ करें। पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखें। सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर का पानी खाली कर उसकी सफाई करें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी और पूरी बांह के कपड़ों का उपयोग करें। जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा डेंगू की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास सफाई रखकर डेंगू के खतरे को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार सहित डेंगू के लक्षण दिखाई दें तो बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं और चिकित्सकीय सलाह लें। समय पर पहचान और उपचार से बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सकता है। जिला मलेरिया अधिकारी यामिनी सिलारपुरिया ने बताया कि जिले में जुलाई माह से लगातार साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर विगत वर्षों में डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की स्क्वाड टीम द्वारा लार्वा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। टीमों द्वारा मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ₹सावधानी रखें, पानी जमा न होने दें और मच्छरों को पनपने से रोकें- डेंगू से बचाव का यही सबसे आसान और प्रभावी उपाय है।

# जागेश्वरधाम में श्रावण सोमवार को मंदिर गर्भ गृह में प्रवेश निषेध रहेगा

**दमोह।** आगामी 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो रहे पावन श्रावण मास एवं सावन के प्रत्येक सोमवार पर देव श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में उमड़ने वाली विशाल श्रद्धालु भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, कानून व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की उपासना का सर्वश्रेष्ठ मास माना गया है। इस दौरान प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु देव श्री जागेश्वरनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करते हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट ने समय रहते व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पथरिया, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद हिंडोरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, तहसीलदार हिंडोरिया, थाना प्रभारी हिंडोरिया तथा चैकी प्रभारी बांदकपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश मेहता, सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, ट्रस्टी अनुराग श्रीवास्तव, मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य पंडित रामकृपाल पाठक सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और श्रावण मास की व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, चिकित्सा सहायता, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट संयुक्त रूप से समन्वय के साथ कार्य करेंगे। आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने समस्त शिवभक्तों से आग्रह किया कि वे दर्शन के दौरान प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अनुशासन बनाए रखें तथा श्रद्धा एवं धैर्य के साथ भगवान श्री जागेश्वरनाथ के दर्शन एवं पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

**खबर संक्षेप**

### हटा नपा में हुए 6 मनोनीत पार्षद नियुक्त

**हटा।** प्रदेश सरकार द्वारा एल्डरमेन (मनोनीत पार्षद)की नियुक्ति की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई है जिसमें हटा नगरपालिका परिषद में 06 मनोनीत पार्षद नियुक्त किए गये।जिसमें सरकार द्वारा इन्हें नियुक्त किया जाता है इनकी भूमिका नगर पालिका में परिषद की बैठक में हिस्सा लेना विकास योजनाओं पर सुझाव देना और स्थानीय मुद्दों को उठाना रहता है जिनका कार्यकाल अगली अधिसूचना जारी होने तक प्रभावी रहता है।नगरपालिका हटा में मनोनीत किए गये पार्षदों में सुभाष वार्ड से श्रीमति अनीता खरे चंडी जी बार्ड से गर्वेश राजपूत रामगोपाल जी वार्ड से श्रीमति मीना तंतुवाय कमला नेहरू बार्ड से विक्रम बर्मन नवोदय बार्ड से रमेश कुमार साहू बालाजी बार्ड से मनीष शर्मा को नियुक्त किया गया।

### बमनपुरा स्कूल में मध्यान्ह भोजन में अनियमितता

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के भ्रमण के दौरान शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बमनपुरा में एमडीएम के संचालन में अनियमितताएं पाई गई थीं। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बमनपुरा से मध्यान्ह भोजन का संचालन कर रहे पूजा स्व-सहायता समूह एवं महिमा स्व-सहायता समूह को तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया। मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शाला प्रबंधन समिति को एमडीएम संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रहा परिवार हादसे का शिकार

# ट्राले की टक्कर में नवविवाहित युवक की मौत: 7 घायल, 6 जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा–पाटन–जबलपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे पाटन से लगभग तीन किलोमीटर आगे गुरु पिपरिया गांव के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें एक युवक ने दमतोड़ दिया है तो 7 लोग घायल हैं जिनमें तीन की हालत नाजुक बनी हुई है जबलपुर की ओर से लोहे के गाटर एंगल लेकर आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने सामने से आ रही एक ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्राला कार को लगभग 500 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इसके बाद दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। हादसे में ईको कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार चालक कार में बुरी तरह से फंस गया कार में सवार सभी लोग तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के निवासी हैं जो जबलपुर जा रहे थे ।

#### तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रही थी कार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ईको कार में महिलाएं और दो छोटे बच्चे सहित एक ही परिवार के 6 सवार थे अन्य कार चालक और दोस्त जो तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार कई लोग अंदर फंस गए। हादसे में ईको कार मालिक अजय पिता उत्तम पटेल (25 वर्ष), निवासी मानपुर, थाना तेंदूखेड़ा को गंभीर अवस्था में पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि अजय का विवाह मात्र 15 दिन पहले ही हुआ था, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही पाटन थाना पुलिस डायल 112 एवं 108 एंबुलेंस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने के का प्रयास किया गया करीब एक घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। कार की बॉडी को काटने के लिए क्रेन, गैस कटर, लोहे के सब्बल और हथौड़ों की मदद ली गई। साथ ही ट्रैक्टर की कड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से पाटन सिविल अस्पताल भेजा गया, अति गंभीर अजय पटेल की पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई जहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 घायलों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किए जाने की जानकारी मिली है।

#### हादसे में यह हुए घायल

इस हादसे में घायल होने वालों में प्रवीण पिता हल्लेभाई गौड़ (23 वर्ष), अंजना पति प्रवीण गौड़ (21 वर्ष), शिवा पिता प्रवीण गौड़ (2 वर्ष), शिवन्या पिता प्रवीण गौड़ (3 वर्ष) निकेता पिता महेश गौड़ (20 वर्ष), नीतू पिता महेश गौड़ (18 वर्ष), निवासी खगोरिया, थाना तेंदूखेड़ा, तथा प्रांजल पिता नरेश यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 4, तेंदूखेड़ा शामिल हैं। बताया गया है कि प्रवीण गौड़ का परिवार मूल रूप से ऊनाडीखेड़ा गांव का निवासी है, जो वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत विस्थापित होने के बाद वर्तमान में तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 4 में निवास कर रहा है बताया गया है कि प्रवीण अपनी पत्नी की जांच कराने जबलपुर जा रहा था जो ईको कार को किराए से लेकर गया था। पुलिस के अनुसार सभी लोग किसी निजी कार्य से तेंदूखेड़ा से जबलपुर जा रहे थे। पाटन से आगे गुरु पिपरिया गांव के पास जबलपुर की ओर से आ रहे ट्राले से उनकी कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार को ट्राला काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया।

#### इनका कहना हैं

घटना के संबंध में पाटन थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत में बताया दुर्घटना में कर चालक अजय पटेल की पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई 7 लोग घायल हैं जिसमें 6 को जबलपुर रेफर किया गया है ट्रक को जप्त कर लिया गया है ड्राइवर मौके से फरार हो गया है पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सोने-चांदी के आभूषण व नकदी बरामद, 16.70 लाख की सामान जब्त

# नरसिंहगढ़ डकैती कांड में पुलिस को सफलता, दो फरार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**चौकी नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम सूखी पिपरिया में 4 जुलाई 2026 को विजय जैन के घर हुई लाखों रुपये की डकैती के मामले में दमोह पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी बरामद की है। मामले में अब तक कुल 16 लाख 70 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।**

यह कार्रवाई अपराध क्रमांक 440/2026 में धारा 310(2), 331(4), 333, 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में की गई है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे रानू पटेल पिता हलकाई पटेल निवासी बेर किसुनगंज थाना दमोह देहात तथा दीपक उर्फ दीपु बंसल पिता उत्तम बंसल निवासी वार्ड क्रमांक-1 पथरिया को कटनी-मुड़वारा से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वारदात से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य बताए, जिसके आधार पर उनके कब्जे से करीब 18 ग्राम वजन की दो सोने की चेन, करीब 42 ग्राम वजन की एक सोने की करधनी तथा 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। नवीन बरामदगी की अनुमानित कीमत 8 लाख 20 हजार रुपये है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले इस प्रकरण में शंकर यादव और राहुल अहिरवार को गिरफ्तार कर सोने-चांदी के आभूषण, एक मोटरसाइकिल सहित 8 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का सामान जब्त किया जा चुका था। अब तक की कार्रवाई में कुल 16 लाख 70 हजार रुपये की संपत्ति बरामद हो चुकी है। जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात में रोहित अहिरवार और उसका साथी मोनू भी शामिल थे। दोनों आरोपी अभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमों ने भोपाल, रायसेन, छतरपुर, दिल्ली, रोहतक (हरियाणा), ओडिशा तथा विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) सहित विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। रानू पटेल के विरुद्ध पूर्व से 8 तथा दीपक उर्फ दीपु बंसल के विरुद्ध 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी, उपनिरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक अकरम खान, प्रधान आरक्षक सचिन, रूपेश, संजय पाठक, सूर्यकांत पाण्डेय, आरक्षक लोकेश पवार, ओमप्रकाश, साइबर सेल दमोह, नरसिंहगढ़ पुलिस स्टाफ तथा पूर्व में गठित विशेष टीम का सराहनीय योगदान रहा। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है, जबकि शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## अतिवृष्टि से दो मकान ढहे बाल-बाल बचे परिवार

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जबेरा के वार्ड क्रमांक 6 में मंगलवार रात हुई अतिवृष्टि के कारण दो परिवारों के कच्चे मकान ढह गए। हादसे में गुमान चौधरी सहित दो परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात यह रही कि मकानों के अंदर मौजूद सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान गिरने से घर-गृहस्थी का सामान, खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक सामग्री मलबे में दबकर खराब हो गई, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पीड़ित परिवारों ने शासन-प्रशासन से उचित आर्थिक सहायता एवं मुआवजे की मांग की है, ताकि वे अपने आशियाने और दैनिक जीवन को फिर से व्यवस्थित कर सकें। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सी.जी. गिरी के निर्देश पर पटवारी तरुण चौरसिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षति का निरीक्षण कर पंचनामा एवं प्रकरण तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है, ताकि शासन की ओर से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।

### 12 कीटनाशक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

**दमोह ।** जिले में किसानों के हितों की सुरक्षा तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों के विरुद्ध व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिलेभर में 46 कीटनाशी विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर 12 कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए। यह कार्रवाई किसानों को सुरक्षित एवं प्रमाणित कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

## मैथ्स क्विज का आयोजन

**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में पाई डे के उपलक्ष्य में मैथ्स क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया।



कार्यक्रम का षुभांरभ विद्यालय के संचालक महोदय श्री सुषील गुप्ता जी, सहसंचालक प्रियांष गुप्ता, ओम गुप्ता एंव षाला प्राचार्य अजय मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणित षिक्षक के द्वारा तीन समूह में छात्रों को वर्गीकृत करके गणित संबंधित प्रष्नों को पूछा गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक महोदय ने दैनिक दिनचर्या में गणित का अभ्यास करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के गणित षिक्षक प्रिंस सेन एंव राजी विष्वकर्मा का सहयोग रहा।

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना



**दमोह।** लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर निहत्थे छात्र छात्राओं पर पुलिस द्वारा डंडे से पीटने को लेकर जब वह पी.एम. आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे तब दिल्ली पुलिस द्वारा उनसे झूमाझपटी कर गिरफ्तारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ जिला कलेक्ट्रेट के सामने 9 बजें बरसते पानी में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को सबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा धिक्कार है मोदी सरकार पर मासूम छात्र छात्राओं पर बर्वरता पूर्वक लाठिया चलाई गई जिसको पूरे देश ने देखा। एक अनपढ़ पी.एम. से युवाओं को यह उम्मीद न थी। परीक्षाओ में बैठने वाले छात्र छात्राएं अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, विजय बहादुर सिह, परम यादव ने कहा कि भाजपा ने धर्म की आढ में चंदा चोरी की, चढ़ावा चोरी की लोगो की आस्था पर प्रहार किया और अब प्रजातंत्र को कुचलने का काम कर रही है। डी.पी. पटेल, विक्रम ठाकुर, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, दिनेश रैकवार, मुकेश रोहिताश, अखिलेश सोनी, मदन सुमन, अभिषेक यादव, शैलैन्द्र सिंह, गोपाल रैकवार, अजय जाटव, डॉ हीरालाल, गीता लोधी, आशीष शर्मा, कफील कुरैशी, शानु जुनेजा, खिल्लू ठाकुर, वकील कुरैशी, पप्पू कुशवाहा, जावेद रोजान, ए के. चिश्ती ने कहा कि जब जब जुल्मी राज करेगा सत्ता के गलियारो से चप्पा चप्पा गुंज उठेगा इंकलाब के नारों से सत्ता के मद में मदमस्त भाजपा की सरकार वह दिन अब दूर नही जब तुम्हारा भी अहंकार भी टूटेगा। इस अवसर पर सुशोभित पटेल, श्रीकांत पटैल, भूपेन्द्र सेन, रत्नेश डिम्हा, मुकेश थापा, अंकित दुबे, विकास पटेल सहित अनेको कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# 55.590 किलो गांजा तस्करी मामले का फरार आरोपी उड़ीसा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कुम्हारी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब एक वर्ष से फरार 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी हटा कृष्ण प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुम्हारी उपनिरीक्षक बृजेश पाण्डेय एवं उनकी टीम ने थाना कुम्हारी के अपराध क्रमांक 116/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 55.590 किलोग्राम अवैध गांजा जब्ती प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी गोपरंजन पटनायक (45) निवासी ग्राम नुआ आधापरा, थाना जूजूमुरा, जिला सम्बलपुर (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना गैसाबाद के अपराध क्रमांक 240/20, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के मामले में भी वांछित स्थायी वारंटी था। आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना कुम्हारी के उपनिरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक गोविन्द सिंह, प्रधान आरक्षक रामकिशोर, आरक्षक बलवंत सिंह, वीरसिंह तथा साइबर सेल दमोह के प्रधान आरक्षक राकेश अठया एवं आरक्षक मयंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस आरोपी के विरुद्ध आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## अष्टानिका महापर्व में स्वर्ग भी देवताओं से खाली हो जाता है : मुनि श्री श्रुतेश सागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देव श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन भाईजी मंदिर में आचार्य श्री सुनील सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री श्रुतेश सागरजी महाराज एवं मुनि श्री सुश्रुतसागरजी महाराज के मंगल सान्निध्य में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के द्वितीय दिवस धर्मसभा का आयोजन हुआ।मंगल प्रवचन में मुनि श्री श्रुतेश सागरजी महाराज ने कहा कि अष्टानिका महापर्व ऐसा पावन अवसर है, जब स्वर्ग भी देवताओं से खाली हो जाता है। उन्होंने बताया कि नंदीश्वर द्वीप आठवां द्वीप है, जहां अकृत्रिम जिनालय स्थित हैं। वर्ष में तीन बार आने वाले अष्टानिका महापर्व के दौरान स्वर्ग के समस्त देवी-देवता अपने परिवार सहित नंदीश्वर द्वीप पहुंचकर भगवान जिनेन्द्र की आराधना में लीन हो जाते हैं।उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जब सुंदर मुकुट और आभूषण धारण कर इंद्र बनकर पूजा करते हैं तो यह भी श्रमण बनने का एक प्रयास है, जबकि श्रमण की भक्ति अरिहंत बनने के लक्ष्य के लिए होती है। इसलिए भक्ति सदैव विकारों से रहित, निर्मल और निष्काम भाव से करनी चाहिए, क्योंकि ऐसी भक्ति ही आत्मा को भगवान बनने की दिशा में अग्रसर करती है।प्रवचन से पूर्व ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं रोहित भैया ने अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन संपन्न कराया। शांतिधारा का सौभाग्य अंबर जैन के जन्मदिवस पर श्रीमती दिशा-दिनेश जैन (परस्वाहा परिवार) तथा श्रीमती ममता धरमचंद, चक्रेश, कमलेश एवं अभिषेक (विलाई परिवार) को प्राप्त हुआ।मुनिश्री को शास्त्र भेंट एवं पाद प्रक्षालन का सौभाग्य आर.पी. जैन, सुधा जैन, सरिता-प्रवीण जैन (महावीर रोड लाइंस), सीमा-विमल जैन (बटियागढ़), शशि गांगरा, रश्मि जैन (अरिहंत प्लाईवुड), सुधा रानी, अभिलाषा-संदीप एवं ऋचा-सतीश मोदी (अभाना परिवार) को प्राप्त हुआ। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजन एवं प्रवचन का लाभ लिया।

### आदिवासियों ने कलेक्टर को विधिवत 40 आवेदन पत्र सौंपे

**वनाधिकार कानून के लम्बित दावों के निराकरण की मांग**

**हिण्डोरिया।** वनाधिकार कानून के बहुत समय से लम्बित दावे निराकृत कर विधिवत आदिवासियों को वन पत्र दिये जाने कलेक्टर प्रताप नारायण सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा गया। इस बारे मे समाज शिल्पी सुजात खान ने बताया कि ब्लॉक दमोह के ग्राम मुहली, पण्डा, बिजौरी, खैरीडगा, नीमखेडा, सिंगपुर के 40 आवेदन पत्र, एमपी वन मित्र पोर्टल मे पूर्व से दर्ज दावे की पावती, जाति प्रमाण पत्र, समग्र परिवार आईडी, फोटो, आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज अपर कलेक्टर के माध्यम से कलेक्टर को सौंपे गये। ज्ञापन मे आदिवासियों ने सभी लम्बित दावों का निराकरण कर वनाधिकार पत्र देने की मांग की। इस अवसर पर खिलान आदिवासी, बलराम पटेल, हिम्मत सिंह, उजयार सिंह, बाबू सिंह, दशरथ आदिवासी आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति के बाद वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का हुआ स्टार अलंकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




वन मंडल कार्यालय दमोह में मध्यप्रदेश वन विभाग के पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्टार अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने उप वन मंडल अधिकारियों प्रतीक दुबे एवं एम.डी. मानिकपुरी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पदोन्नत कर्मचारियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर वन कर्मचारी संघ दमोह के जिला अध्यक्ष पं. प्रवीण तिवारी एवं मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पं. रोशन नायक ने वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। समारोह में उप वनक्षेत्रपाल पद पर पदोन्नत कर्मचारियों, वनरक्षक से वनपाल बने 64 कर्मचारियों तथा सहायक ग्रेड-3 से ग्रेड-2 एवं चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड-3 पर पदोन्नत कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उसके बाद पदोन्नति उप वनक्षेत्रपाल अशोक तिवारी, प्रवीण तिवारी, अर्जुन सिंह मरकाम, किशोर कुमार कोरी,जय प्रकाश दुबे, श्रीमती संगीता ठाकुर, राजेन्द्र कुमार अहिरवार,बहीद कुरेशी, अनिल अहिरवार को स्टार लगाकर सम्मान किया गया एवं वनरक्षक से वनपाल बनाए गए सुनील चौबे, आशीष श्रीवास्तव, राममनोहर यादव, श्रीकांत अबस्थी,रोशन नायक, महबूब खान, सुधीर अबस्थी, राजेन्द्र परिहार, अनिल सींग,भरत परोहा ठाकुर ,धीरेंद्र पाराशर,लच्छू अहिरवार, हरिशंकर अहिरवार, किशोर कुमार अहिरवार, संदीप आदर्श,अनवर उल्ला खान,जवाहर जैन, विनोद जैन, श्रीमती विभा चौबे, श्रीमती मनीषा गोड़, राजेन्द्र चनपुरिया,अनवर खान,अयूब खान, दामोदर चौबे,छबि लाल यादव, सहित 64 वनपाल बनाए गए सभी को वरिष्ठों ने स्टार लगाकर सम्मान किया।साथ में सहायक ग्रेड तीन से दो पर बनाए गए लिपिक प्रमोद उपाध्याय, सुधीर अहिरवार, रविन्द्र रोहित, उमाशंकर राय,प्रीति ठाकुर एवं चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड तीन पर पार्वती का सम्मान किया। अपने संबोधन में डीएफओ ईश्वर जरांडे ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

उन्होंने जिन कर्मचारियों की पदोन्नति लंबित है, उनसे आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी करने की अपील की ताकि भविष्य में पदोन्नति में कोई बाधा न आए। उप वन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे एवं एम.डी. मानिकपुरी ने भी पदोन्नत कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मुख्य लिपिक उमाशंकर राय ने किया।